बिहार सरकार
निर्वाचन विभाग
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, बिहार का कार्यालय
7, सरदार पटेल मार्ग (मैंगल्स रोड), बिहार, पटना–800015

दूरभाष सं0:– 0612–2217956
फैक्स:– 0612–2215611 / 2215978
ई–मेल:– ceo_bihar@eci.gov.in

प्रेस विज्ञप्ति

पटना – 09 मई, 2024

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशन में बिहार राज्य निर्वाचन विभाग निष्पक्ष, स्वच्छ एवं स्वस्थ चुनाव कराने के लिए कृतसंकल्प है। एक ओर जिलों में मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण तथा समस्त गतिविधियों के संचालन का प्रशिक्षण जोर–शोर से चालू है, साथ ही समस्त तैयारियाँ भी प्रगति पर हैं।

आज दिनांक 09.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत छठे चरण के लिए आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (वाल्मीकिनगर, पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, शिवहर, वैशाली, गोपालगंज–अ0जा0, सिवान तथा महाराजगंज) में नामांकन पत्रों के Withdrawal की तिथि नियत थी इस संदर्भ में स्थिति इस प्रकार है कि पूर्वी चम्पारण, शिवहर तथा महाराजगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों से 01–01 नाम वापसी हुई है अर्थात् उक्त तीन लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों से कुल तीन अभ्यर्थियों ने नाम वापस लिया है। इस संदर्भ में प्राप्त सूचनानुसार वाल्मीकिनगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 10, पश्चिम चम्पारण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 08, पूर्वी चम्पारण लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 12, शिवहर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 12, वैशाली लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 15, गोपालगंज–अ0जा0 लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 11, सिवान लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 13 तथा महाराजगंज लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र से 05 अभ्यर्थी चुनाव में खड़े हैं।

ज्ञातव्य है कि आज दिनांक 09.05.2024 को लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के तहत सातवें चरण के लिए आठ (08) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों (नालंदा, पटना साहिब, पाटलिपुत्र, आरा, बक्सर, सासाराम–अ0जा0, काराकाट तथा जहानाबाद) में चुनाव हेतु नामनिर्देशन का तीसरा दिन था। विदित हो कि अगिऑव (अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में उप चुनाव लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के सातवें चरण के साथ ही निर्धारित है। अतएव वहाँ भी नामनिर्देशन का तीसरा दिन था। उक्त दोनों परिप्रेक्ष्यों में नामनिर्देशन की वस्तुस्थिति निम्नवत् है:–

लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
नालंदा	01	संदीप सौरभ	कम्यूनिष्ट पार्टी ऑफ इंडिया (मार्क्ससिस्ट–लेनिनिस्ट) (लिबरेशन)	04
	02	पवन कुमार	निर्दलीय	
पटना साहिब	01	अवधेश प्रसाद	निर्दलीय	07
	02	उमेश रजक	पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)	
	03	गुलाब प्रसाद	लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी	
	04	नीरज कुमार	बहुजन समाज पार्टी	
पाटलिपुत्र	01	अनिल दास	भारतीय दलित पार्टी	04
	02	राम कृपाल यादव	भारतीय जनता पार्टी	
	03	संजय कुमार सिंह	भारतीय सार्थक पार्टी	
आरा	01	धर्मात्मा शर्मा	सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)	06
	02	नवनीत कुमार	निर्दलीय	
	03	कृष्ण पासवान	भारतीय क्रान्ति वीर पार्टी	

बक्सर	01	अरविन्द कुमार पाण्डेय	निर्दलीय	05
सासाराम–अ0जा0	01	शिवशंकर राम	निर्दलीय	02
	02	संतोष कुमार खरवार	भारतीय गाँधीवादी पार्टी	
काराकाट	01	राजेश्वर पासवान	अखिल हिन्द फारवर्ड ब्लॉक (क्रांतिकारी)	06
	02	पवन कुमार सिंह	निर्दलीय	
	03	प्रयाग पासवान	सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट)	
जहानाबाद	01	अभिषेक दांगी	निर्दलीय	14
	02	चंदेश्वर प्रसाद	जनता दल (युनायटेड)	
	03	अरविन्द गुप्ता	निर्दलीय	
	04	गुंजेश कुमार	निर्दलीय	
	05	दीपक कुमार	जागरूक जनता पार्टी	

विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम	क्र0	अभ्यर्थी का नाम	दल सम्बद्धता	अब तक कुल अभ्यर्थियों की संख्या
अगिऑव (अ0जा0)	01	शून्य		01

प्राप्त सूचनानुसार लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के लिए आदर्श आचार संहिता के तहत राज्य में वाहन दुरूपयोग के संदर्भ में औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है। लाउडस्पीकर एक्ट के उल्लंघन के तहत भागलपुर जिलांतर्गत एक (01) मामला प्रतिवेदित है तथा तदनुसार एक (01) एफआईआर दर्ज है। अवैध बैठक/भाषण आदि के संदर्भ में ग्यारह (11) मामले प्रतिवेदित हैं जो क्रमेण इस प्रकार हैं–औरंगाबाद जिलांतर्गत एक (01), बेगूसराय जिलांतर्गत एक (01), मुजफ्फरपुर जिलांतर्गत एक (01), पूर्वी चम्पारण जिलांतर्गत पाँच (05) एवं सहरसा जिलांतर्गत तीन (03)। इस संदर्भ में दस (10) एफआईआर दर्ज हैं।

मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 08.05.2024 को कुल **₹7.73835**(लाख) रूपये नगद बरामद किये गये हैं। कुल जब्त लीकर–25520.60(लीटर) की सूचना प्राप्त हुई है जिसका मूल्य **₹29.75640**(लाख) रूपये हैं। जहाँ तक ड्रग्स तथा नारकोटिक्स की बात है तो कुल **₹2.29250**(लाख) रूपये मूल्य के 197030.00(ग्राम) की मात्रा जब्त की गई है। मुफ्त/अन्य सामग्रियों के तहत कुल **₹85.22933**(लाख) रूपये मूल्य की 114290.24 सामग्रियों को जब्त किया गया है। इस प्रकार कुल **₹125.01658**(लाख) रूपये मूल्य की जब्ती प्रतिवेदित है।